# ओंकारेश्वर मंदिर में बवाल, पंडितों की एंट्री पर रोक

▸ आक्रोशित पुजारियों ने लगाई कलेक्टर से गुहार



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** तीर्थनगरी ओंकारेश्वर स्थित भगवान ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में बुधवार सुबह नियमित पूजन-अर्चन करने वाले पंडितों के प्रवेश पर अचानक रोक लगा दी गई। टी-पॉइंट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों द्वारा सुबह 9 बजे के बाद पंडितों को अंदर जाने से रोकने पर मंदिर परिसर में विवाद की स्थिति बन गई। यह पूरी कार्रवाई एसडीएम के एक कथित मौखिक आदेश के बाद की गई है। आक्रोशित पंडितों ने खंडवा कलेक्टर से गुहार लगाई है, जिन्होंने जल्द समाधान का आश्वासन दिया है।ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब नियमित पूजन कराने वाले पंडितों को सुरक्षाकर्मियों ने टी-पॉइंट से आगे नहीं जाने दिया। पंडित राधे तिवारी और नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पंडित नवल किशोर शर्मा ने बताया कि सुरक्षा कंपनी के इंचार्ज तिलोक त्यागी ने कर्मचारियों के ग्रुप में निर्देश जारी किए थे कि सुबह 9 बजे के बाद किसी भी पंडित को प्रवेश न दिया जाए। सुरक्षाकर्मियों को यहां तक चेतावनी दी गई थी कि आदेश का उल्लंघन करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई होगी और उनकी नौकरी भी जा सकती है। इस पूरे मामले की शुरुआत मंगलवार की एक घटना से हुई। पंडित दिनेश शर्मा एक 86 वर्षीय बुजुर्ग और अन्य यजमानों के साथ ऑनलाइन टिकट लेकर मंदिर दर्शन के लिए गए थे। एसडीएम पुनासा पंकज वर्मा ने उन्हें सीसीटीवी कैमरे में देखा और शक जताया कि पंडित द्वारा श्रद्धालुओं से अलग से पैसे लेकर उन्हें अंदर ले जाया जा रहा है। इसके बाद एसडीएम ने कलेक्टर को इस बात की जानकारी दी और उनके मौखिक आदेश पर सिक्योरिटी इंचार्ज ने बुधवार सुबह से पंडितों की एंट्री बैन करने का फरमान सुना दिया।प्रवेश रोके जाने से नाराज पंडितों ने प्रशासन के सामने अपनी प्रमुख मांगें रखते हुए कहा है कि अधिकृत पंडितों को मंदिर में निर्बाध प्रवेश दिया जाए, यजमानों के साथ जलाभिषेक कराने की अनुमति बहाल की जाए और अभिषेक हॉल में बैठकर श्रद्धालुओं का विधिवत पूजन कराने की व्यवस्था पुन: शुरू की जाए।पंडितों का तर्क है कि अगर उन्हें ही मंदिर में प्रवेश नहीं मिलेगा, तो श्रद्धालुओं के पारंपरिक पूजन-अर्चन की व्यवस्था कैसे संचालित होगी। इस पूरे मामले को लेकर पंडितों ने सीधे खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता से फोन पर बात की, जिस पर कलेक्टर ने उन्हें समस्या के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया है। फिलहाल, मंदिर प्रबंधन या प्रशासन की ओर से प्रवेश निषेध का कोई भी आधिकारिक लिखित आदेश जारी नहीं हुआ है और अब सभी की नजरें प्रशासन व मंदिर ट्रस्ट के अगले फैसले पर टिकी हुई हैं।

# गुरु पूर्णिमा पर शहर को दोहरी सौगात : गणेश गौशाला द्वार पर कलश स्थापना

डॉ. मुखर्जी के नाम पर नए मार्ग का लोकार्पण



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर खंडवा नगर पालिक निगम ने शहरवासियों और श्रद्धालुओं को विकास और आस्था की दोहरी सौगात दी। महापौर अमृता अमर यादव ने एक ओर गणेश गौशाला के नवनिर्मित भव्य प्रवेश द्वार पर कलश स्थापना की, तो वहीं दूसरी ओर पंधाना रोड से दादाजी मंदिर तक जाने वाले नए मार्ग का लोकार्पण भी किया। इस नवीन पहुंच मार्ग का नामकरण डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनके नाम पर किया गया है।

**सनातन आस्था का प्रतीक बना गणेश गौशाला का भव्य द्वार-**

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गणेश गौशाला में वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ नवनिर्मित मुख्य प्रवेश द्वार पर पवित्र कलशों की स्थापना की गई। महापौर ने विधिवत पूजन-अर्चन कर इस भव्य द्वार को श्रद्धालुओं और नगरवासियों को समर्पित किया। यह द्वार आध्यात्मिक गरिमा, सनातन संस्कृति और हमारी गौरवशाली परंपराओं को सहेजने का एक सशक्त माध्यम बनेगा, जहां आने वाले श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण के साथ धार्मिक मूल्यों की अनुभूति होगी।

**श्रद्धालुओं का सफर हुआ सुगम-**

श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म जयंती के अवसर पर पंधाना रोड से दादाजी मंदिर तक नवनिर्मित पहुंच मार्ग का लोकार्पण किया गया। इस मार्ग के बनने से दादाजी मंदिर और गणेश गौशाला आने वाले दर्शनार्थियों को आवागमन में भारी सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही, धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र के विकास को भी एक नई दिशा और गति प्राप्त होगी।

**विरासत को सहेजना हम सभी का दायित्व :महापौर-**

इस अवसर पर महापौर अमृता अमर यादव ने कहा कि गणेश गौशाला हमारी धार्मिक आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है और इसका भव्य द्वार आने वाली पीढ़ियों को हमारे संस्कारों की अनुभूति कराएगा। उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रतीक हैं। उनके नाम पर मार्ग का नामकरण उनके राष्ट्रवादी विचारों और प्रेरणादायी व्यक्तित्व को सदैव जीवंत रखेगा। महापौर ने गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए खंडवा नगर की सुख-समृद्धि, शांति और सौहार्द की कामना की।

इस गरिमामय आयोजन में नगर निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, राजेश यादव, अनिल वर्मा, आशीष चटकेले सहित कार्यपालन यंत्री राधेश्याम उपाध्याय सहित पार्षद मोनिका नीतीश बजाज, प्रियांशु चौरे, सुनील बंसल व अन्य जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## एक नजर

### नाम सप्ताह में सात दिन गूंजेंगे विठ्ठल नाम के भजन

**खंडवा।** शहर के प्राचीन श्री विठ्ठल मंदिर में 23 से 30 जुलाई तक 146वां पारंपरिक नाम सप्ताह उत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ आयोजित होगा। वर्ष 1882 से लगातार आयोजित हो रहे इस उत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि उत्सव से पहले भगवान श्री विठ्ठल, माता रुक्मिणी, गुरु दत्तात्रेय एवं श्री गुरु महाराज को पत्रिका अर्पित कर निमंत्रण दिया गया। ध्वज पूजन और भंडार पूजन की परंपरा भी विधिवत संपन्न हुई। 23 जुलाई को सुबह 6:30 बजे काकड़ आरती के साथ उत्सव का शुभारंभ होगा। इसके बाद सातों दिन 24 घंटे अखंड नाम संकीर्तन और भजन-कीर्तन का आयोजन होगा।उत्सव के दौरान 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर गुरु पादुका पूजन तथा 30 जुलाई को भगवान विठ्ठल की भव्य पालखी यात्रा निकाली जाएगी। विभिन्न सामाजिक एवं महिला भजन मंडलियां अपनी प्रस्तुतियां देंगी।मंदिर समिति के जय राम और श्याम आष्टेकर ने श्रद्धालुओं से उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर 146 वर्ष पुरानी इस धार्मिक परंपरा को सफल बनाने की अपील की

### जिले में अब तक 303 मिमी वर्षा

**खंडवा।** जिले में पिछले 24 घंटों के दौरान औसतन 7.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में खंडवा तहसील में 14 मिमी, नया हरसूद में 4 मिमी, पंधाना में 12 मिमी, पुनासा में 3 मिमी और खालवा में 6 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।भू-अभिलेख कार्यालय के अनुसार, जिले में इस मानसून अब तक 303 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है, जबकि गत वर्ष 22 जुलाई तक 230.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई थी। तहसीलवार अब तक की वर्षा में खंडवा 301 मिमी, नया हरसूद 230 मिमी, पंधाना 308 मिमी, पुनासा 269 मिमी और खालवा में सबसे अधिक 407 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### गुरु पूर्णिमा पर कमल यूथ क्लब करेगा भोजन पैकेट वितरण

**खंडवा।** दादाजी धूनीवाले की पावन गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कमल यूथ क्लब इस वर्ष भी श्रद्धालुओं के लिए नि:स्वार्थ सेवा कार्य करेगा। क्लब पिछले 36 वर्षों से लगातार गुरु पूर्णिमा मेले में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को सब्जी, पूरी और अचार के भोजन पैकेट वितरित



कर सेवा की परंपरा निभा रहा है। क्लब के उपाध्यक्ष सतनाम सिंह होरा ने बताया कि सेवा कार्य की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसमें अध्यक्ष विनोद देशराज, सचिव श्याम हेमवानी, संरक्षक मानक अग्रवाल सहित सभी सदस्यों और सेवादारों ने भाग लेकर सेवा व्यवस्था की रूपरेखा तय की।उन्होंने बताया कि 28 और 29 जुलाई को प्रतिदिन सुबह 11 बजे दादाजी की समाधि पर भोग अर्पित करने के बाद भोजन पैकेट वितरण शुरू किया जाएगा। इसके बाद दिनभर श्रद्धालुओं को भोजन पैकेट वितरित किए जाएंगे।भोजन वितरण सेवा भवानी माता मंदिर के समीप नवीन पुलिया के पास संचालित होगी, जहां क्लब के सेवादार श्रद्धा और सेवा भाव से श्रद्धालुओं की सेवा करेंगे।कमल यूथ क्लब ने श्रद्धालुओं से गुरु पूर्णिमा महापर्व पर दादाजी के दर्शन के साथ सेवा कार्य का लाभ लेने और सेवा व सद्भाव की इस परंपरा में सहभागी बनने की अपील की है।

# नशे के खिलाफ जागरूकता संगोष्ठी में शामिल हुए युवा



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** नशे से दूरी है जजरूरी अभियान के अंतर्गत पुलिस प्रशासन ने जिला मुख्यालय पर जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस कंट्रोल रूम में एनजीओ लॉयनेस क्लब के सहयोग से नशा मुक्ति जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों, शिक्षाविदों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन अपनाने का आह्वान किया।संगोष्ठी के मुख्य वक्ता स्कॉलर यशस्वी सिंह परिहार ने नशे के शरीर और मस्तिष्क पर पड़ने वाले जैविक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशे की लत न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी गंभीर नकारात्मक प्रभाव डालती है। लॉयनेस क्लब की अध्यक्ष प्रो पदमा हाडा, सीवी रमन यूनिवर्सिटी के एनएसएस अध्यक्ष प्रो विजय इंगले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर तथा उप पुलिस अधीक्षक अनिल सिंह चौहान ने भी अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक जगदीश जमरे, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक सुलोचना गेहलोत, यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र परिहार व पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर विधायक के नाम ज्ञापन



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, मध्यप्रदेश ने स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कर्मचारियों की समस्याओं एवं समीक्षा के दौरान की जा रही दंडात्मक कार्रवाई को लेकर विधायक कंचन मुकेश तनवे के नाम ज्ञापन सौंपा। विधायक के विधानसभा सत्र में भोपाल में होने तथा विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे के ग्रामीण दौरे पर रहने के कारण ज्ञापन रोगी कल्याण समिति के सदस्य सतनाम सिंह होरा को सौंपा गया।

ज्ञापन में कर्मचारियों ने बताया कि पोर्टल संबंधी तकनीकी समस्याओं या अन्य व्यावहारिक कारणों से कई बार कार्य समय पर दर्ज नहीं हो पाता, जिसके चलते निलंबन, वेतनवृद्धि रोकने जैसी कठोर कार्रवाई की जाती है। विधानसभा सत्र के दौरान विधायक कंचन मुकेश तनवे ने कर्मचारी संघ की प्रमुख संगीता मुदिराज से दूरभाष पर चर्चा कर आश्वासन दिया कि ज्ञापन उन्हें प्राप्त हो गया है।

# 96 वनकर्मियों का प्रमोशन 7 दिन में निरस्त



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** खंडवा में सीसीएफ कार्यालय में वनकर्मियों की पदोन्नति को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। विभाग द्वारा 96 वनकर्मियों को प्रमोशन देने के मात्र 7 दिन बाद ही आदेश को निरस्त कर एक नई सूची जारी कर दी गई। आरोप है कि इस नई सूची में पात्र कर्मचारियों के नाम काटकर अपात्रों को जगह दे दी गई। इस उलटफेर से आक्रोशित कर्मचारियों के भारी विरोध के बाद प्रशासन ने इसे लिपिकीय त्रुटि मानते हुए आदेश वापस ले लिया है और मामले की जांच के लिए एक कमेटी का गठन कर दिया है। मध्य प्रदेश के निमा? क्षेत्र, जिसमें खंडवा, बुरहानपुर, सेंधवा, बड़वाह और बड़वानी शामिल हैं, के वन कर्मचारियों में हाल ही में जारी हुई पदोन्नति सूची को लेकर भारी आक्रोश है। दरअसल, वन विभाग द्वारा पहले 96 वनकर्मियों को पदोन्नति दी गई थी, लेकिन मात्र 7 दिन बाद ही एक नई सूची जारी कर दी गई। कर्मचारियों का आरोप है कि इस नई सूची में पहले से चयनित इन पात्र कर्मियों के नाम हटा दिए गए और उनकी जगह अपात्र लोगों को शामिल कर लिया गया। इस उलटफेर से खुद को ठगा महसूस कर रहे बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने खंडवा स्थित सीसीएफ कार्यालय पहुंचकर अपना क?ा विरोध दर्ज कराया। वन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा ने इस मामले पर आपत्ति जताते हुए कहा कि वरीयता सूची में पात्र कर्मचारियों को नीचे खिसका कर अपात्रों को ऊपर स्थान दे दिया गया है। इससे वे 96 कर्मचारी मानसिक रूप से काफी परेशान हैं जिनका नाम पहली सूची में तो था लेकिन नई सूची से गायब हो गया। संघ ने प्रशासन से स्पष्ट मांग की है कि जब तक इस विसंगति का पूरी तरह से निराकरण नहीं हो जाता, तब तक किसी भी कर्मचारी को रिलीव न किया जाए और स्टार सेरेमनी पर भी रोक लगाई जाए।कर्मचारियों के इस भारी विरोध और ज्ञापन के बाद मुख्य वन संरक्षक बासु कनौजिया ने अपना पक्ष रखा।

उन्होंने स्वीकार किया कि यह गड़बड़ी एक लिपिकीय त्रुटि के कारण हुई है, जिसके चलते सामान्य वर्ग के आरक्षण अनुपात का क्रम बिगड़ गया और पात्र लोग नीचे रह गए। कर्मचारियों की मांग को देखते हुए सीसीएफ ने फिलहाल इस विवादित आदेश को निरस्त कर दिया है और पूरे मामले में सुधार व पुनर्विचार के लिए एक जांच कमेटी का गठन कर दिया है।

# प्रांतीय एथलेटिक्स में 16 स्वर्ण पदक जीतकर सशिम बना चैंपियन



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** विद्या भारती मालवा प्रांत के मार्गदर्शन में उज्जैन में आयोजित 37वीं प्रांतीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में खंडवा के खिलाड़ियों ने अपना दबदबा कायम किया है। इस खेल आयोजन में सरस्वती शिशु मंदिर, कल्याणगंज के छात्र-छात्राओं ने शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रांत में ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया है।उज्जैन में संपन्न हुई इस प्रतियोगिता में मालवा प्रांत भर के खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। लंबी कूद, दौड़, पैदल चाल, ऊंची कूद और हर्डल्स (बाधा दौड़) जैसी विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाएं आयोजित की ।इन सभी स्पर्धाओं में खंडवा के स.शि.म. कल्याणगंज के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए कुल 29 पदक हासिल कर पदकों की झड़ी लगा दी। विद्यालय के खिलाड़ियों ने 16 स्वर्ण पदक, 7 रजत पदक और 6 कांस्य पदक अपने नाम किए हैं। इस गौरवमयी अवसर पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, रविंद्र बंसल, ओम दशोरे, मुकेश पाटिल और प्रांतीय खेल संयोजक सत्यनारायण लववंशी ने अपनी खुशी जाहिर की। साथ ही, संस्था की प्राचार्य शोभा तोमर, प्रधानाचार्य दिलीप सपकाले, राधेश्याम चौहान और बच्चों का मार्गदर्शन करने वाले खेल शिक्षक नर्मदा प्रसाद चौहान सहित पूरे विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# 31 जुलाई तक कराएं खरीफ फसलों का बीमा

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** किसान कल्याण विभाग ने किसानों से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 31 जुलाई तक अपनी अधिसूचित खरीफ फसलों का बीमा कराने की अपील की है। विभाग का कहना है कि इस वर्ष अल-नीनो के संभावित प्रभाव के चलते अनियमित वर्षा और प्राकृतिक आपदाओं की आशंका बनी हुई है, ऐसे में फसल बीमा किसानों के लिए आर्थिक सुरक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम है।विभाग के अनुसार फसल बीमा योजना के तहत सूखा, अतिवृष्टि, प्राकृतिक आपदा एवं प्रतिकूल मौसम से फसल को होने वाले नुकसान की स्थिति में किसानों को आर्थिक सहायता मिलती है। किसानों से अंतिम तिथि का इंतजार नहीं करने और समय रहते बीमा कराने का आग्रह किया गया है।

# वॉइस ऑफ खंडवा के ऑडिशन शुरू, नन्हे गायकों ने सुरों से जीता दिल



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** हरफनमौला गायक स्व. किशोर कुमार के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की वॉइस ऑफ खंडवा गायन प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को किशोर कुमार सभागृह में हुआ। प्रतियोगिता बैंक ऑफ इंडिया, जिला प्रशासन एवं नगर निगम के सहयोग से आयोजित की जा रही है।प्रथम दिन सब जूनियर और जूनियर वर्ग के ऑडिशन हुए, जिनमें खंडवा सहित विभिन्न शहरों से आए प्रतिभागियों ने मधुर गीतों की प्रस्तुति देकर निर्णायकों और श्रोताओं का दिल जीत लिया। मुख्य अतिथि लायंस क्लब अध्यक्ष घनश्याम वाधवा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नंदन करोड़ी और प्रियांशु चौरे ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।निर्णायक निशा तिवारी, सत्येंद्र सोहनी और दीपक पटेल ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। ऑडिशन के बाद सब जूनियर वर्ग में 15 तथा जूनियर वर्ग में 18 प्रतिभागियों सहित गत वर्ष के फाइनलिस्टों को क्वार्टर फाइनल के लिए चयनित किया गया। चयनित प्रतिभागियों को अतिथियों ने प्रवेश पत्र प्रदान किए।मंच के अध्यक्ष रणवीर सिंह चावला, सचिव नारायण बाहेती सहित पदाधिकारियों ने प्रतियोगिता की रूपरेखा बताई। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि 23 जुलाई को सुबह 10 बजे से सीनियर वर्ग 19 वर्ष एवं अधिक आयु के प्रतिभागियों का ऑडिशन किशोर कुमार सभागृह में आयोजित होगा।

# राहुल-प्रियंका की गिरफ्तारी के विरोध में यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की गिरफ्तारी और जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में बुधवार को खंडवा में यूथ कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता और कांग्रेस नेता अपना विरोध जताने के लिए गांधी भवन पर एकत्रित हुए। जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि गांधी भवन से सभी कार्यकर्ता स्टेशन रोड होते हुए केवलराम पेट्रोल पंप पहुंचे।

यहां उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों और कार्रवाई के खिलाफ जमकर नारे लगाए और अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। सुरक्षा व्यवस्था के बीच कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला भी फूंका।यूथ कांग्रेस के शहर अध्यक्ष सागर पवार ने इस कार्रवाई को अलोकतांत्रिक बताते हुए आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने वाले विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार करना और छात्रों पर बल प्रयोग करना लोकतांत्रिक मूल्यों के पूरी तरह विपरीत है। यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शहजाद पवार ने कहा कि यदि इसी तरह लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन होता रहा और विपक्ष तथा छात्रों पर कार्रवाई का सिलसिला नहीं थमा, तो कांग्रेस पूरे प्रदेश में अपने आंदोलन को और तेज करेगी।प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा और स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखी, जिससे पूरा विरोध-प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। इस अवसर पर डॉ मुनीश मिश्रा, कुंदन मालवीय, शांतनु दीक्षित, सलीम पटेल, सुनील आर्य, अवधेश सिसोदिया, रचना तिवारी, अशोक पटेल, विशाल जैन, यशवंत सिलावट सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।